# *कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी*

## *प्रेस नोट*

***दिनांक-24.05.2025***

***थाना कपसेठी अंतर्गत हत्या के मुकदमें का शामिल वांछित अभियुक्त गिरफ्तार***

दिनांक 23.05.2025 को थाना कपसेठी पुलिस टीम ने मु0अ0सं0-060/2025 धारा 103(1)/238ए बीएनएस से संबंधित विवेचना के दौरान घटना में शामिल वांछित अभियुक्त 1. दिनेश कुमार कश्यप पुत्र स्व0 बुद्धिराम कश्यप उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम दांदूपुर, थाना कपसेठी, जनपद वाराणसी को मुखबिर की सूचना पर **कुरू चौराहे** के पास से गिरफ्तार कर निशानदेही पर मृतक का फटा हुआ शर्ट, चप्पल को बरामद किया।

***घटना का विवरण:***

दिनांक 18.05.2025 को थाना कपसेठी क्षेत्र के ग्राम दांदूपुर स्थित पोखरे के पास एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। शव की पहचान रंजीत गौड़ निवासी दांदूपुर, थाना कपसेठी के रूप में की गई। मौके पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई। शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गर्दन की हड्डी के टूटने से मृत्यु का होना पाया गया। परिजनों द्वारा बताई गई जानकारी के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों से गहन पूछताछ की जा रही थी। प्रभारी निरीक्षक कपसेठी के निर्देशन में गठित पुलिस टीम घटना के शीघ्र खुलासे व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सतत प्रयासरत रही।

***पूछताछ विवरण***

पूछताछ के दौरान अभियुक्त दिनेश कुमार कश्यप ने बताया कि घटना वाली शाम वह अपने साथी संतोष, संजू, रमेश प्रधान और रंजीत के साथ ग्राम दांदूपुर स्थित पोखरे के पास बैठकर शराब पी रहा था। कुछ समय बाद संतोष, संजू और रमेश वहां से चले गए, लेकिन वह और रंजीत वहीं रुके रहे। इसी दौरान दिनेश के मोबाइल पर रंजीत की पत्नी का बार-बार फोन आने लगा। अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसका रंजीत की पत्नी से पूर्व से अवैध संबंध था। बार-बार कॉल आने से रंजीत को शक हुआ और इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। हाथापाई के दौरान उसने रंजीत की गर्दन अपने घुटने से दबाकर उसकी हत्या कर दी और घटनास्थल से फरार हो गया।

मृतक की पत्नी और अभियुक्त दिनेश के बीच संबंधों की पुष्टि कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के माध्यम से भी हुई है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि दोनों के बीच नियमित रूप से लंबी बातचीत होती थी। घटना वाले दिन भी जब रंजीत और दिनेश साथ बैठे थे, उस समय रंजीत की पत्नी लगातार दिनेश से फोन पर बात कर रही थी, जो देर रात करीब 12 बजे तक चली।

***बरामदगी का विवरण***

- मृतक का शर्ट व चप्पल।

**इस खुलासे में थाना कपसेठी पुलिस टीम का** पूर्ण योगदान रहा है।

***सोशल मीडिया सेल***
***पुलिस उपायुक्त***
***गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी***